Hon'ble Member is seeking information about development of Rewa Ghat road of Muzaffarpur District in Bihar. Ministry of Surface Transport has no participation in the said project.

इलाहाबाद-पटना खंड में नौचालन संबंधी सुविधाएं

6320. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री आस मोहम्मद:

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार यातायात की मांग को देखते हुए इलाहाबाद-पटना खंड में नौचालन संबंधी सुविधाओं का विकास करने वाली है;

(ख) इस संबंध में किये गये कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त खंड में नौचालन संबंधी सुविधाएं कब तक उपलब्ध हो जायेंगी?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) जी हां।

(ख) और (ग) इलाहाबाद-पटना खंड, राष्ट्रीय जलमार्ग-1 का एक भाग है जो हल्दिया से इलाहाबाद तक जाता है और अंतर्देशीय जल परिवहन के लिए इलाहाबाद-पटना खंड का चरणों में विकास किया जायेगा। तथापि, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की कार्य योजना के अनुसार विकास हेतु यह है कि उक्त संबंधी अध्ययन के सर्वेक्षण की निगरानी के सिवाय आठवीं पंचवर्षीय योजना में इस खंड में अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास का विशेषकर कोई प्रावधान नहीं है। उसके बाद आई डब्ल्यू ए आई का अंतर्देशीय जल परिवहन के लिए नौवीं पंचवर्षीय योजना में इलाहाबाद—पटना खंड में विकास कार्य शुरू करने का प्रावधान है जो योजना प्रावधान और उस क्षेत्र में कार्गो की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

महानगरों में सड़क दुर्घटनाएं

6321. **श्री आस मोहम्मद:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले छः महीनों के दौरान महानगरों में कुल कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुईं;

(ख) उक्त दुर्घटनाओं के कारण कितनी वित्तीय हानि हुई तथा कितने व्यक्ति मारे गये;

(ग) इस संबंध में कितने लोगों को दंडित किया गया; और

(घ) ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

केन्द्रीय सड़क निधि में वृद्धि

6322. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित संकल्पों के अनुसरण में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत के आधार पर तथा उससे प्राप्त होने वाले कर को ध्यान रखते हुए राज्यों में केन्द्रीय सड़क निधि में वृद्धि कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कब से; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार कब तक अंतिम निर्णय ले लेगी?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) से (ग) इस बारे में संसद ने 1988 में एक संकल्प पारित किया था लेकिन उसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार सरकार के पास विचाराधीन है और अभी से यह बता पाना संभव नहीं है कि इस बारे में कब अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

गंगा और सहायक नदियों में भाल की ढुलाई तथा यात्री-परिवहन

6323. **श्री ईश्वर धनराज सिंह:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गंगा और सहायक नदियों में माल की ढुलाई तथा यात्री-परिवहन सेवाएं शुरू करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) और (ख) गंगा नदी, राष्ट्रीय जलमार्ग-1 में माल और यात्रियों का परिवहन सभी संभव साधनों से ही किया जा रहा है। गंगा नदी में